संख्या ए-20011/4/2020-हिन्दी -221

भारत सरकार/ Government of India

गृह मंत्रालय / Ministry of Home Affairs

समन्वय निदेशालय पुलिस बेतार

Directorate of Coordination Police Wireless

खण्ड सं-9 के.स.का परिसर/Block No.9, C.G.O., Complex,

लोधी रोड ,नई दिल्ली -3/Lodhi Road, New Delhi-3

दिनांक/Date:- 24 मार्च 2026

परिपत्र

विषय:- निदेशालय की तिमाही रिपोर्ट (दिसम्बर 2025) के अंतर्गत अंतर राज्य पुलिस बेतार केंद्रों में हिंदी पत्राचार की समीक्षा के संबंध में आवश्यक कार्रवाई।

समन्वय निदेशालय पुलिस बेतार (मुख्यालय) की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की मार्च, 2026 तिमाही बैठक दिनांक 18.03.2026 को आयोजित की गई। उक्त बैठक का कार्यवृत्त दिनांक 23.03.2026 को निदेशालय की वेबसाइट पर अपलोड किया जा चुका है।

उक्त कार्यवृत्त के मद संख्या 4 के अनुसार यह पाया गया कि 'क' क्षेत्र के रायपुर एवं देहरादून केंद्रों में हिंदी पत्राचार निर्धारित लक्ष्य (100%) की अपेक्षा काफी कम रहा है तथा रायपुर केंद्र में हिंदी टिप्पणियों का प्रतिशत भी अत्यंत कम पाया गया है, जो संतोषजनक नहीं है।

इसके अतिरिक्त, 'ख' क्षेत्र के दमन केंद्र तथा 'ग' क्षेत्र के हैदराबाद केंद्र में भी हिंदी पत्राचार निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप नहीं पाया गया है।

अध्यक्ष महोदय द्वारा निर्देशित किया गया है कि सभी संबंधित केंद्र हिंदी पत्राचार एवं टिप्पणियों को बढ़ाने हेतु ठोस एवं प्रभावी कदम उठाएं, जिससे राजभाषा विभाग द्वारा निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति सुनिश्चित की जा सके।

अतः संबंधित अंतर राज्य पुलिस बेतार केंद्रों से अनुरोध है कि निर्देशों के अनुपालन में हिंदी पत्राचार एवं टिप्पणियों को बढ़ाने हेतु आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करें तथा इस संबंध में की गई कार्रवाई की जानकारी शीघ्र इस अनुभाग को प्रेषित करें।

अभिषेक यादव
24/03/2026

(अभिषेक यादव)

सहायक निदेशक (राजभाषा)

प्रतिः-

1. सभी संबंधित अंतर राज्य पुलिस बेतार केंद्र प्रभारी – आवश्यक कार्रवाई हेतु।
2. आई.टी अनुभाग से अनुरोध है कि इस परिपत्र को वेबसाइट पर अपलोड करने की कृपा करें।

अभिषेक यादव
24/3/2026